श्री संजय कुमार सिंह, माननीय स०वि०स०/श्री रत्नेश सादा, माननीय स०वि०स०/ श्री विष्णु देव पासवान, माननीय स०वि०स०/श्री राजेश कुमार मंडल, माननीय स०वि०स०/ श्री नीतीश मिश्रा, माननीय स०वि०स०/श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, माननीय स०वि०स० एवं श्री राजू तिवारी, माननीय स०वि०स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना सं0–04/2026 का उत्तर प्रतिवेदन

सहरसा जिला अंतर्गत सिमरी बख्तियारपुर विधान सभा क्षेत्र के महिषी से सिमरी बख्तियारपुर होते हुए सलखुआ तक पूर्वी कोशी तटबंध स्थित कोशी नहर में एवं घोंघपुर पंचायत में अत्याधिक गाद जमा हो जाने के कारण पानी का प्रवाह नहीं हो पाता है। उक्त कोशी नहर में कई जगह मछली पालन हेतु अवैध बांध का निर्माण भी करा लिया गया है। इस कारण जो इस नहर का मुख्य उद्देश्य था कि इस नहर से इलाके के लाखो किसानों के लाखो हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होनी थी, वो नहीं हो पा रही है। नहर के बीच-बीच में कई जगहों पर कटाव है जिस कारण नहर का पानी बगल के खेतों में सालो भर जमा रहता है जिसके कारण किसान खेती नहीं कर पाते है।

अतः मैं ध्यानाकर्षण के माध्यम से सरकार से सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र के उक्त समस्या के समाधान हेतु एक स्पष्ट वक्तव्य की मांग करता हूँ।

सरकार का वक्तव्य

वस्तुस्थिति यह है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर विधान सभा क्षेत्र के महिषी से सिमरी बख्तियारपुर होते हुए सलखुआ तक पूर्वी कोसी तटबंध से सटे कोशी नहर नही अपितु धेमरा धार है। यह धार प्रश्नगत क्षेत्रों से होते हुए कोपरिया स्लूईस गेट के माध्यम से खगड़िया जिला के बेलदौर प्रखंड के निकट कोशी नदी में मिलता है। वर्णित धार के जल प्रवाह के रास्ते में बांध निर्मित नही है तथा जल निकासी सुगमता से हो रहा है।

घोंघपुर पंचायत में अवस्थित चौरों में जल का फैलाव बर्षा के पानी एवं कोशी नदी के सीपेज से होता है। जिसका जल निकासी गेहुआ धार एवं सतही बहाव के माध्यम से कमला बलान तटबंध, जिसे विस्तारीकरण कर पश्चिमी कोशी तटबंध से जोड़ दिया गया है, पर निर्मित 03 स्लूईस गेट से होते हुए अंततः कोशी नदी में होता है। वर्तमान में वर्णित पंचायत के चौर क्षेत्रों में जल जमाव नही है।

मॉनसून अवधि में अत्यधिक वर्षा होने पर धेमरा धार का जल स्तर बढ़ने से जल का फैलाव प्रश्नगत क्षेत्रों के चौरों में होता है, जिसका निकासी स्वतः सतही बहाव द्वारा धेमरा धार में होता है।

सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के ग्राम सकरा, पहाड़पुर आदि, महिषी प्रखंड के ग्राम महिषी एवं सलखुआ प्रखंड के ग्राम सितुआहा, कटघड़ा आदि का कुछ क्षेत्र लो लैन्ड ऐरिया है। इन स्थलों पर मछली पालन एवं मखाना की खेती इत्यादि कार्य किसानों के द्वारा किया जाता है।

वर्तमान में वर्णित धार का गाद सफाई की आवश्यकता नही है।

3

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25/वि0स0ध्याना0(वी0)–01–11/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–258 दिनांक–15.04.2026 के प्रसंग में ध्यानाकर्षण सूचना सं0–04/26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0ध्याना0(वी0)–01–11/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0ध्याना0(वी0)–01–11/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0ध्याना0(वी0)–01–11/2026– 2236 पटना, दिनांक– 20/05/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19.05.26

(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

19.05.26